Commission have not cleared the project, for want of resources. As such, no field work has commenced. The project when cleared by the Planning Commission, will be executed in phases, subject to traffic needs, and availability of funds.

गुजरात सरकार की मांग

3165. श्री मोती भाई आर० चौधरी :
श्री आर० पी गायकवाड़ :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात सरकार द्वारा मंत्रालय को प्रस्तुत निम्नलिखित मांगों के बारे में क्या प्रगति हुई है ;

(एक) अहमदाबाद शहर में परिक्रमा रेल सेवा शुरू करना,

(दो) अहमदाबाद बम्बई रेल लाइन के विद्युतीकरण का ध्यान में रख कर अहमदाबाद—बड़ौदा—सूरत और बम्बई उपनगरीय रेल गाड़ियां शुरू करना,

(तीन) इस बात को ध्यान में रख कर कि बड़ौदा में पेट्रो कैमिकल्स काम्पलैक्स के कारण यातायात में वृद्धि हुई है और अहमदाबाद में यातायात पहले ही बहुत अधिक है अहमदाबाद को अलग डिवीजन बनाना ;

(चार) अहमदाबाद स्टेशन पर माल तथा यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रख कर अहमदाबाद में एक बड़ा स्टेशन बनाना; और

(ख) इन मांगों की स्वीकृति देने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) (I) मार्च, 1982 में निक्षेप कार्य के रूप में व्यावहारिकता सर्वेक्षण प्रारम्भ किया गया था और क्षेत्र-कार्य किया जा रहा है इसके मार्च, 83 तक पूरा होने की संभावना है ।

(II) लाइन क्षमता तथा टर्मिनल सुविधाओं का विकास करने तथा विरार-सूरत -बडोदरा-अहमदाबाद खंड में ई० एम0 यू0 टाइप चल स्टाक चलाने के लिए एक इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण किया जा रहा है और 1982 के अन्त तक इसको अन्तिम रूप दिये जाने और इसके पूरा हो जाने की संभावना है । रिपोर्ट प्राप्त होने तथा उसकी जांच करने के बाद इस पर आगे कार्रवाई की जायेगी ।

(III) रेलवे जोनों के पुनर्गठन / मंडलों के गठन की आवश्यकता, यदि कोई हो, कि इस समय रेल सुधार समिति द्वारा जांच की जा रही है और अहमदाबाद में एक अलग मंडल स्थापित करने का प्रस्ताव भी इस समिति को विचारार्थ और रिपोर्ट देने के लिए भेज दिया गया है ।

(4) बम्बई–अहमदाबाद मार्ग के अन्य स्टेशनों के साथ-साथ अहमदाबाद में यात्री टर्मिनल सुविधाओं में वृद्धि करने के प्रश्न पर रेलवे विचार कर रही है । जहां तक अहमदाबाद क्षेत्र में माल टर्मिनलों में वृद्धि करने का प्रश्न है, बेतवा में एक पूर्ण सज्जित विन्यास यार्ड का निर्माण किया जा रहा है और अप तथा डाउन यार्ड चालू कर दिये गये हैं ।

(ख) जब सर्कुलर रेलवे के सम्बन्ध में व्यावहारिकता सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो जायेगी तब उस पर विचार किया जायेगा और राज्य सरकार को सिफारिशें भेज दी जायेंगी ।